दैनिक पंचांग

17 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

शुक्रवार 2026 वर्ष का 198 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास आषाढ़ पक्ष शुक्ल
तिथि तृतीया 06.28 बजे तदनन्तर चतुर्थी 04.43 बजे प्रातः को समाप्त।
नक्षत्र मघा 18.35 बजे को समाप्त।
योग व्यतीपात 22.46 बजे को समाप्त।
करण गर 06.28 बजे, वणिज 17.31 बजे तदनन्तर विष्टि 04.43 बजे प्रातः को समाप्त। चन्द्रायु 2.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 14'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872773
जूलियन दिन 2461238.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1448
महीना सफर तारीख 02
विशेष विनायक चतुर्थी व्रत।

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	05.27 बजे से
चंद्र	सिंह में	सिंह	07.43 बजे से
मंगल	वृष में	कन्या	09.55 बजे से
बुध	मिथुन में	तुला	12.06 बजे से
गुरु	कर्क में	वृश्चिक	14.20 बजे से
शुक्र	सिंह में	धनु	16.36 बजे से
शनि	मीन में	मकर	18.41 बजे से
राहु	कुंभ में	कुंभ	20.28 बजे से
केतु	सिंह में	मीन	22.01 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मेष	23.31 बजे से
		वृष	01.11 बजे से
		मिथुन	03.09 बजे से

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अशुभ व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रहन के नक्षत्र

2	3	9	0
138	120	117	280
570	139	360	479
688	229	667	668

दिन-680-258 189-140
मधुर डे-239-279 मधुर नाइट-690-470
मिलन डे-137-227 मिलन नाइट-490-157

हमारा साप्ताहिक न्यूज पेपर
आपका सपना
मूल्य मात्र 25/- रुपये
जिसमें आपको मिलेगा :
कल्याण मेनबाजार-
कल्याण नाईट-
मिलन डे-मिलन नाईट
साथ मे श्रीदेवी व श्रीदेवी नाईट बाजार के सुपर चांस
सप्ताह की डेली लाईन जोडी पेनल के बेजोड चांस जो किसी पेपर मे नही मिलेगे
आपका सपना साप्ताहिक न्यूज पेपर पूर्व मे उजाले का चक्र नाम से प्रकाशित होता था जिसके संपादक योगेश कुमार है अब हमारे नये नाम आपका सपना के नामसे प्रकाशित हो रहा है
एजेन्ट बन्धु के लिए 30% से 40% कमीशन
आज ही अपने निकट के न्यूज पेपर एजेन्ट से खरीदे.
मोबाईल पर पेपर कॉपी का 100/- रुपये
सम्पर्क करें : सम्पर्क-9898203888-9106170742

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमी तिथि, तीज, शुक्रवार, मघा नक्षत्रे, सिद्ध योगे, गरकरणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 38/44, मूल समाप्त रात्रि 10/34 कर्क, रवि 14/02 रवियोग, 43/05 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, जिद्दी हठी, दार्शनिक, उतम वृत्ति वाला, भोगी, योगी, कुशल वक्ता, शासक प्रशासक, सैनिक, सिपाही, ब्रिग्रेडियर, कर्नल, सेवानायक, दस्तानायक, हवलदार, सूबेदार तथा कार्यवाहक होगा।

मेष राशि : दूसरी के झांझट में फंसने से बचे अथवा विशेष हानि का योग बन रहा है, ध्यान दे।

वृष राशि : कार्य सिद्ध के योग बने, परिश्रम करने पर भी नए कार्य की सफलता प्राप्त होगी।

मिथुन राशि : तत्परता से कार्य निपटाना ही उतम है, चोट आदि का भय, धन हानि होगी।

कर्क राशि : स्वभाव में उद्विग्नता से बचिए, अर्थव्यवस्था अनुकूल रहेगी, समय का ध्यान रखे।

सिंह राशि : योजना फलीभूत हो, कुटुम्ब से शुभ समाचार प्राप्त होंगे, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

कन्या राशि : स्त्री वर्ग से हर्ष उल्लास, योजनाएं फलीभूत होगी, सोचे हुए कार्य बन जाएंगे।

तुला राशि : कुछ कार्यों में स्थाई सामर्थ्य वृद्धि, प्रयत्नशीलता सफल होगी, ध्यान रखे।

वृश्चिक राशि : कुटुम्ब से परेशानी, स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी बने, कह हो गया।

धनु राशि : तनाव व्लेश, स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बेचैनी, स्वभाव स्थिर रहेगा।

मकर राशि : इष्ट मित्र कष्ट प्रद हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष तथा विशेष लाभ होगा।

कुंभ राशि : समय की अनुकूलता से लाभान्वित होगे तथा स्वभाव में खिन्नता बनेगी।

मीन राशि : व्यर्थ भ्रमण व भय से बचे तथा दैनिक कार्य बाधा अवश्य ही आएगी।

शुक्रवार को लौंग से आजमाएं ये टोटके

घर में सुख-समृद्धि के लिए करें यह टोटका- शुक्रवार को सुबह जल्दी उठकर सानादि करें और फिर, माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करें। इसके बाद, शाम के समय घन की देवी लक्ष्मीजी की आराधना करें और उन्हें पान में एक लौंग के साथ कपूर अर्पित करें। इस दौरान ओम ह्रीं श्रीं कमले कमलालये नमः मंत्र का जाप भी अवश्य करें। शुक्रवार के दिन इस टोटके को करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा परिवार के सभी सदस्यों पर बनी रहती हैं।

धन-वैभव में वृद्धि का टोटका- हिंदू धर्म में दिन में दो बार पूजा करने का खास महत्व होता है। ऐसे में शुक्रवार के दिन भी माता लक्ष्मी की दिन में दो बार पूजा-अर्चना अवश्य करनी चाहिए। साथ ही, अगर आप इस दौरान एक छोटा सा टोटका बना लें, तो इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है। इसके लिए माता लक्ष्मी की आरती के समय लाल बाती में लौंग लपेटकर जलाना चाहिए। इसके अलावा, आप बाती के साथ लौंग भी जला सकते हैं।

ग्रहों के अशुभ प्रभाव को दूर करने का टोटका- इसके लिए शुक्रवार के दिन माता लक्ष्मी की पूजा के समय उन्हें गुलाब के फूलों के साथ 2 लौंग जरूर अर्पित करें। ऐसा लगातार 40 शुक्रवार को करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसके अलावा, आप शिवलिंग पर भी लौंग अर्पित कर सकते हैं।

कार्यों में सफलता पाने का टोटका- अगर कड़ी मेहनत और लगन के बाद भी आपको जरूरी कार्यों में सकारात्मक परिणाम नहीं मिलते हैं, तो इसके लिए किसी भी शुभ काम के लिए घर से निकलने से पहले मुंह में दो लौंग जरूर रख लें। ऐसा करने आप जिस काम के लिए घर से निकल रहे हैं वह पूर्ण हो सकता है।

शुक्रवार को भूलकर भी न करें यह काम- मान्यता है कि शुक्रवार के दिन अगर आपको कोई भी व्यक्ति लौंग के साथ सफेद वस्तु दे, तो उसे नहीं लेना चाहिए। कहा जाता है कि इन चीजों को लेने से व्यक्ति को कई मामलों में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है और बनते हुए काम भी बिगड़ने लगते हैं।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

एबीवीपी ने फूंका एनएसयूआई का पुतला, दुष्कर्म मामले में कठोर कार्रवाई की मांग

महू (इंदौर समाचार)। अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई (NSUI) का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। यह विरोध प्रदर्शन भोपाल में एनएसयूआई के जिला महासचिव द्वारा अपनी ही सह-कार्यकर्ता जनजातीय छात्रा के साथ किए गए कथित दुष्कर्म के मामले को लेकर किया गया।

कहकर साधा निशाना

विरोध प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी की मालवा प्रांत सह मंत्री कामाक्षा गौड़ ने नारी सताओ यूनियन ऑफ इंडिया एनएसयूआई पर तीखा हमला बोला। उन्होंने संगठन को नारी सताओ यूनियन ऑफ इंडिया संबोधित करते हुए कहा एक तरफ जहां विद्यार्थी परिषद में छात्रा कार्यकर्ताओं को बहन माना जाता है और उन्हें पूरा सम्मान दिया जाता है, वहीं दूसरी तरफ एनएसयूआई के पदाधिकारी अपनी ही साथी बहनों के साथ ऐसा घिनौना कृत्य करते हैं। प्रताड़ना से तंग आकर छात्राएं आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो रही हैं। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह कोई पहला अपराध नहीं है, इनका ऐसा इतिहास रहा है।

एबीवीपी की मुख्य मांगें- इस पूरे मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की जाए। पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाते हुए आरोपी एनएसयूआई कार्यकर्ता को कठोर से कठोर सजा दी जाए।

पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान डॉ. अम्बेडकर विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थी और एबीवीपी के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बोकनेश्वर महादेव मंदिर मामले में नया मोड़, लिखित बयान देकर कहा- मैंने चंदा चोरी का आरोप नहीं लगाया

पुजारी ने बदले सुर, चंदा विवाद से किया खुद को अलग

पीथमपुर। बोकनेश्वर महादेव मंदिर में चंदे को लेकर उठे विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। मंदिर के पुजारी परसराम पुरी ने लिखित बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि उन्होंने मंदिर के चंदे में किसी प्रकार की चोरी का आरोप नहीं लगाया है और न ही इस संबंध में कोई सार्वजनिक बयानबाजी की है।

लिखित बयान में परसराम पुरी ने कहा है कि उनका नाम चंदा चोरी से जुड़े मामले में जोड़ा जा रहा है, जबकि उन्होंने ऐसी कोई मांग या बयान नहीं दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस विवाद से स्वयं को अलग रखते हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में बोकनेश्वर महादेव मंदिर के चंदे के हिसाब-किताब को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाते हुए जांच की मांग की थी। उस दौरान पुजारी परसराम पुरी का नाम भी चर्चा में आया था। अब उनके लिखित स्पष्टीकरण के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

हालांकि, मंदिर के चंदे और समिति की कार्यप्रणाली को लेकर रंजीत रघुवंशी और छगन पथरिया द्वारा लगाए गए आरोप और जांच की मांग यथावत हैं। इस संबंध में प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक जांच या कार्रवाई की घोषणा नहीं की गई है।

परसराम पुरी का कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार की बयानबाजी नहीं की है और न ही चंदा चोरी के मामले को सार्वजनिक करने की कोई मांग की है।

बाथरूम के पास फंदे पर लटका मिला युवक का शव

जयनगर स्थित गायत्री मंदिर के पास की घटना, पुलिस जांच में जुटी

पीथमपुर। पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगर स्थित गायत्री मंदिर के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव बाथरूम के पास फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुनील डूडवाल के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही सेक्टर-1 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, सुनील मूल रूप से बड़वानी जिले के जुलवानिया थाना क्षेत्र के ग्राम बाजड़ का निवासी था। वह पीथमपुर में मजदूरी करता था और जयनगर में गायत्री मंदिर के पास मेघनाथ यादव के मकान में अपने तीन साथियों के साथ किराए से रहता था। बताया जा रहा है कि बुधवार रात सभी साथियों ने साथ में भोजन किया और सो गए। गुरुवार सुबह सुनील का शव बाथरूम के पास बने रोशनदान के हुक पर रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 और पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। प्रारंभिक जांच में घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

इन्दौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों (टीएल) के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में नई अवैध कॉलोनियों की बसाहट न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

इन्दौर से अबूधाबी विमान सेवा का हार्दिक स्वागत

इन्दौर। भारत-दुबई मैत्री मंच के अध्यक्ष डा. कमल कुमार साबू और जनसम्पर्क मंत्री दिलीप पांडेय दुबई ने 15 जुलाई से इन्दौर से अबूधाबी विमान सेवा शुरू होने पर हार्दिक स्वागत किया। युद्ध के चलते 28 फरवरी से बन्द इन्दौर से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान के पुनः प्रारंभ होने से भारत और दुबई के आवागमन में सुविधा होगी और इन्दौरवासियों को हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को अबूधाबी जाना और वापस आना सुलभ होगा।

इन्दौर। इस बार नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का फार्मूला अलग ही रहेगा। लगातार हो रही हार के बाद ये तय किया जा रहा है कि वार्डों में पक्के कांग्रेसियों को टिकट दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछली बार भी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को जबरदस्त हार मिली थी।

जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ महू, में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्राएं; श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

महू (इंदौर समाचार)- महू तहसील में भगवान जगन्नाथ की दो भव्य रथ यात्राएं पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गईं। दोनों ही यात्राएं शाम 5:00 बजे धार्मिक जयकारों के बीच प्रारंभ हुईं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

छाया कुणाल शर्मा

बच्चों ने खींचा गोपाल मंदिर की यात्रा का रथ

महू शहर के गोपाल मंदिर से %200 घर पंचायत% द्वारा पारंपरिक रथ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा रथ खींचा जाना रहा, जो पूरे रास्ते सभी के लिए कौतूहल और श्रद्धा का केंद्र बना रहा

गूंजे जय जगन्नाथ के तराने

रथ यात्रा में भजन मंडली और डीजे के द्वारा भगवान जगन्नाथ के भजन और गाने लगातार चलते रहे वहीं श्रद्धालुओं द्वारा जय जगन्नाथ के उद्घोष भी गुंजयमान रहा। यह यात्रा मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों-सांघी स्ट्रीट, मेन स्ट्रीट, मानक चौक, फूल चौक, मोती चौक और हरी फाटक से होती हुई गुजरी। पूरे मार्ग में भक्तों ने भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा पुनः गोपाल मंदिर पहुंचकर विश्राम में तब्दील हुई।

मौसी के घर पहुंचे भगवान जगन्नाथ- वहीं दूसरी ओर, कृषि विहार कॉलोनी जगन्नाथ धाम वेटरनरी कॉलेज के सामने से भी एक भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यह रथ यात्रा पुराने ए.बी. रोड और वेटरनरी कॉलेज से होते हुए आगे बढ़ी और किशनगंज स्थित काली माता मंदिर पहुंचकर विश्राम लिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अब भगवान जगन्नाथ यहां अपनी मौसी के घर पर विश्राम करेंगे।

अत्याधुनिक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ

इन्दौर। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सा संस्थानों में शामिल महाराजा यशवंतराव (एमवाय) चिकित्सालय में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवीन 9 मॉजिला अत्याधुनिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह बहुमॉजिला अस्पताल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने गुरुवार को निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के लाखों मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 4 इंदौर
जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) श्रीमती कमलाबाई पति स्वः श्री गुलाबसिंह पंवार, (2) श्री अमृतसिंह पिता स्वः श्री गुलाबसिंह पंवार, मोबाइल नं. 952282912 के द्वारा झोन क्रं. 04, वार्ड 17 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नम्बर 9000180004, पता 283/4, रामनगर, इंदौर पर वारिस नातें नामांतरण चाहा गया है। पूर्व में खाते में श्री गुलाबसिंह पिता श्री मुलाथमसिंह दर्ज है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 17.7.26 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 04 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 4, नगर पालिक निगम, इंदौर
इंदौर समाचार

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री रामकुमार सोनी पिता जुगल किशोर सोनी, जुगल किशोर सोनी पिता बाबूलाल सोनी, प्लाट नंय 11-ए, रवि नगर (श्रीनगर एक्सटेंशन), इंदौर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियमन की कंडिका 6.10.10 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु 17.03 वर्ग मीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्र. 10 के कार्यालय (भवन अनुज्ञा शाखा) में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी
झोन क्र. 10 नगर पालिका निगम, इंदौर
आर्किटेक्ट साईमुती. आर . CA/2023/162269

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती रुचि पति श्री वैभव बाहेती, पता- प्लाट नं. 40/5, महेशनगर इंदौर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियमन की कंडिका 6.10.10 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु 18.38 वर्ग मीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्र. 2 के कार्यालय (भवन अनुज्ञा शाखा) में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी
झोन क्रं. 2 नगर पालिका निगम, इंदौर
आर्किटेक्ट अभिजित द्विवेदी आर्कि. नं. 175

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीथमपुर जिला धार (म.प्र.)
Email-cmopithampur@mpurban.gov.in

क्रमांक 4565.पा./26 पीथमपुर, दिनांक- 10/7/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद् पीथमपुर जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना जैम पोर्टल (www.gem.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	ऑनलाईन बीड नं.	सामग्री का विवरण	कार्य की लागत	निविदा की EMD राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1	GEM/2026/B/7773369	Pyrethrum, Diflubenzuron	10.00 लाख	10000/-	25.07.2026
2	GEM/2026/B/7773285	Bio Culture for wastewater treatment	9.95 लाख	10000/-	25.07.2026
3	GEM/2026/B/7773421	Toilet Cleaner Liquid (V3) conforming to IS 7983, Quaternary Ammonium Compound based Surface Cleaner, (liquid) (V2) conforming to IS 14364	9.95 लाख	10000/-	25.07.2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीथमपुर
जिला धार

(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल)
अध्यक्ष
नगर पालिका पीथमपुर जिला धार

NAME CHANGE
I, Smt Neeta Legally Wedded spouse of No. 14534224L, Ex- Naik - Late Govind Giri Goswami residing at Vill- Bardari, Post & Tehsil - Pithampur, District - Dhar (MP) Pin-454775, That I want to change my name from Neeta to Neeta Giri Goswami vide MP Govt Affidavit No. 19040/26 Dt. 14/07/26 before District Court Indore (MP) Pin - 452001

NAME CHANGE
I, No. 14646953P, Ex-Naik Rajendra Singh resident of H.N- 39-B, Pratap Nagar colony, Post- Dewas , Tehsil & District - Dewas (MP) Pin-455001, That I want to change my dependent daughter's name from Miss Tamanna Astaya to Miss Tamanna Astaya vide MP Govt Affidavit No. 19039/26 Dt. 14/07/26 before District Court Indore (MP) Pin - 452001

NAME CHANGE
I, No. 6924188A, Ex-Naik Makhan Lal Patel resident of H.N- 144, Madhuvan Colony, Post- Dewas , Tehsil & District - Dewas (MP) Pin-455001, That I want to change my spouse's Name from Smt - Sulochna to Smt - Sulochana Patel vide MP Govt Affidavit No. 18735/26 Dt. 9/07/26 before District Court Indore (MP) Pin - 452001

NAME / DOB CHANGE
I, No. 14222347M, Ex-Naik Sardar Singh resident of Vill- Ram Badodiya, Post- Depalpur , Tehsil- Depalpur & District - Indore (MP) Pin-453001 , That I want to change my spouse's Name from Smt - Savitri Devi to Smt - Savitri Bai Gehlot & I also want to change her DOB from 09/05/1958 to 09/01/1960 vide MP Govt Affidavit No. 19034/26 Dt. 14/07/26 before District Court Indore (MP) Pin - 452001

NAME CHANGE
I, No. 2888286N, Ex-Hav Misri Lal resident of Vill- Mendi, Post- Simrol , Tehsil - Dr Ambedkar Nagar & District - Indore (MP) Pin-452020, That I want to change my Name from Misri Lal to Misrilal Kelwa vide MP Govt Affidavit No. 19041/26 - Dt.14/07/2026 before District Court Indore (MP) Pin - 452001

CHANGE IN NAME
I **DILAVAR S/O RAMJU** Hereby Declare That I Have Changed My Name To **DILAWAR PATEL S/O RAMJU,** So Far Now And In Future I Will Be Known By My New Name **DILAWAR PATEL S/O RAMJU,** for All Purposes.
DILAWAR PATEL
S/O RAMJU
ADD: 50 GRAM BANK DHAR ROAD INDORE M.P.